पत्र संख्या- 1308/XXIX-(2)/2007

प्रेषक,

डा0 रणबीर सिंह,
सचिव, पेयजल,
उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पेयजल अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांक 10 जुलाई, 2007

विषयः पेयजल श्रोतों के संरक्षण एवं सम्बर्द्धन हेतु उत्तराखण्ड राज्य में जल सम्बर्द्धन मिशन का गठन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

पेयजल श्रोतों के संरक्षण एवं सम्बर्द्धन हेतु जल सम्बर्द्धन मिशन को गठित करते हुये शासनादेश सं0 759/XXIX-(2)/2007 दिनांक 19–06–2007 से इस कार्य को मिशन मोड में किये जाने के लिए राज्य स्तरीय जल सम्बर्द्धन मिशन, जनपदीय जल सम्बर्द्धन मिशन एवं ब्लाक स्तरीय जल सम्बर्द्धन मिशन अनुसार दीर्घकालिक रणनीति एवं तत्काल महत्व के कार्य 2 भागों मे किये जाने के निर्देश हैं। तत्काल महत्व के कार्यो का आवंटन तथा कार्य सम्पादन की तिथियां शासनादेश में उल्लेखित हैं।

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि वर्षा ऋतु प्रारम्भ हो चुकी है। अतः सूख रहे ऐसे पेयजल श्रोतों में वर्षा जल संग्रहण व वृक्षारोपण कार्य इसी समय प्रारम्भ किया जा सकता है। जल संस्थान द्वारा प्रथम चरण पे चिन्हित, स्वजल द्वारा अपनी कार्य योजना में लिये गये श्रोत तथा जलागम कार्य योजना में चिन्हित श्रोतों की सूची तथा मैप http://gov.ua.nic.in/waterconservation वेबसाईट पर उपलब्ध है।

अतः आप तदनुसार शासनादेश के अनुसार अपेक्षित कार्यवाही करते हुए राज्य स्तरीय मिशन को अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

भवदीय

(डा0 रणबीर सिंह)
सचिव पेयजल

पृष्ठांकन संख्या तद्दिनांकः

प्रतिलिपिः

1. प्रमुख सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रमुख सचिव, सिंचाई, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. सचिव, जलागम, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
4. अपर निदेशक, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, उत्तराखण्ड, इन्दिरानगर फोरेस्ट कालोनी, देहरादून।
5. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड, पेयजल निगम, देहरादून ।
6. निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून।

सचिव पेयजल